11/08/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "हर घर तिरंगा" अभियान में लोगों की व्यापक भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह उस गहरी देशभक्ति की भावना को दर्शाता है जो भारत के लोगों को एकजुट करती है और तिरंगे पर उनके अटूट गौरव को दर्शाती है। उन्होंने नागरिकों से harghartiranga.com पर अपनी तस्वीरें और सेल्फी साझा करते रहने का भी आग्रह किया।

0000000000000000000000

गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। इस दौरान, न्यायमूर्ति ने राज्यपाल को गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर परमानेंट बेंच के रजत जयंती समारोह में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण दिया। इस बीच राज्यपाल ने नए अत्याधुनिक न्यायालय भवन की स्थापना पर मुख्य न्यायाधीश को बधाई दी और इसे राज्य में न्याय व्यवस्था को और मजबूत करने में एक मील का पत्थर बताया।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी.परनाइक ने आज दिरांग स्थित निमास के निदेशक कर्नल आर.एस.जामवाल को अरुणाचल प्रदेश में साहसिक गतिविधियों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'गवर्नर

मेडल फॉर एक्सीलेंस' प्रदान किया। इस अवसर पर कर्नल जामवाल ने राज्यपाल को निमास के ब्रह्मपुत्र रिवर राफ्टिंग अभियान और माउंट कंचनजंगा अभियान जैसे गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इन असाधारण अभियानों की उल्लेखनीय सफलता पर निमास के निदेशक को बधाई देते हुए, राज्यपाल ने उनसे स्थानीय युवाओं को शामिल करते हुए और अधिक साहसिक गतिविधियाँ शुरू करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार ने आज वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय 4 कोर, मेजर जनरल एच.एस. बजाज और अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्र निर्माण: पूर्व सैनिकों से सांझेदारी पहल के नोडल अधिकारी के साथ एक बैठक की। बैठक में प्रतियोगी परीक्षाओं और संरचित मार्गों के माध्यम से पूर्व सैनिकों को राज्य सेवा में शामिल करने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया, जिससे लोक प्रशासन और क्षेत्रीय विकास में उनका सक्रिय योगदान संभव हो सके।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शहरी विकास मंत्री बालो राजा और मंत्री के सलाहकार तेची कासो के साथ आज ईटानगर राजधानी क्षेत्र में पुराने सरकारी आवासों के स्थान पर बहुमंजिला फ्लैटों के निर्माण की आधारशिला रखी।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री खांडू ने कहा कि यह पहल केवल एक निर्माण परियोजना नहीं बलकी यह एक संदेश है कि ईटानगर राजधानी शहर का विकास एक संगठित, अनुशासित और योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि सरकारी ज़मीन सार्वजनिक संपत्ति है और किसी व्यक्ति के निजी कब्ज़े के लिए नहीं है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज ईटानगर स्थित अपने सरकारी आवास, में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी समारोह समिति के साथ एक बैठक की। सोशल मीडिया पर इस खबर को साझा करते हुए, उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह अगले 13 सितंबर को रोइंग में आयोजित किया जाएगा, जिसमें डॉ. हजारिका की विरासत का सम्मान करने के लिए कलाकार और सांस्कृतिक हस्तियाँ एक साथ शमिल होंगे। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि शताब्दी समारोह क्षेत्र के महान गायक, संगीतकार और फिल्म निर्माता को श्रद्धांजलि होगी। समिति इस अवसर पर डॉ. भूपेन हजारिका समनवय पुरस्कार भी प्रदान करेगी।

0000000000000000000000

शिक्षा मंत्री, पी.डी.सोना ने आज शिक्षा निदेशालय, ईटानगर में एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्य में आयोजित होने वाले आगामी उनहत्तरवें राष्ट्रीय स्कूल खेलों की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस आयोजन में मुक्केबाजी, ताइक्वांडो और वैटलिफ़टिंग (अंडर-17 बॉएज़ एण्ड गर्लस) जैसे खेल शामिल होंगे।

0000000000000000000000

नामसाई विधायक चाउ झिंगनु नामचूम आज नामसाई स्थित टू माइल से गांधी चौक तक आयोजित हर घर तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने सभी से इस गौरवपूर्ण आंदोलन का हिस्सा बनने का आग्रह करते हुए कार्यस्थल के साथ ही अपने घरों पर भी तिरंगा फहराने का आहवान किया।

0000000000000000000000

भारतीय जनता पार्टी, अरुणाचल प्रदेश इकाई ने कल भारत-तिब्बत सीमा पुलिस मुख्यालय, ईटानगर में 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के साथ अपने सप्ताह भर चलने वाले उनासीवें स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में आईटीबीपी मुख्यालय के सहायक कमांडेंट कमल कुमार सहित आईटीबीपी के जवानों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 7 जिलों पाके केसांग, पापुम पारे, कुरुंग कुमे, आंजाव, लोहित, तिराप और लोंगदिंग के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही अन्य 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज़ बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000

बोरदुरिया के बोगापानी इलाके के पास आज EMRI ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के इमर्जेंसी मेदिकल टेक्निशियन EMT की मदद से 108 एम्बुलेंस में एक स्वस्थ बच्चे का जन्म हुआ। चिकित्सा कर्मचारियों ने पुष्टि की कि मा और बच्चा दोनों ही स्थिर और स्वस्थ है।

0000000000000000000000